# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा का षष्ठम् सत्र)

### प्रश्न शाखा

बुलेटिन भाग - 2

(राजस्थान विधान सभा के कार्य तथा अन्य विषयों के बारे में सामान्य जानकारी)

विधान सभा भवन,
जयपुर।

संख्या : 60 दिनांक 03 अगस्त, 2026

निदेशानुसार माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का षष्ठम् सत्र गुरूवार, दिनांक 20 अगस्त, 2026 से प्रारम्भ हो रहा है।

प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 31 एवं 33 का. के अन्तर्गत उनके द्वारा दिये जाने वाले प्रश्नों को NeVA के माध्यम से ऑनलाईन भिजवाने की व्यवस्था पूर्व में लागू की जा चुकी है।

माननीय सदस्य NeVA में ई-मेल व मोबाइल नम्बर पंजीकृत करवाकर, NeVA की वेबसाईट https://cmsraj.neva.gov.in/ के माध्यम से हिन्दी यूनिकोड (मंगल फॉण्ट) में टंकित प्रश्न ऑनलाईन प्रेषित कर सकेंगे।

**माननीय सदस्यों द्वारा लगाये जाने वाले प्रश्न अब केवल NeVA के माध्यम से ऑनलाईन ही स्वीकार किये जा सकेंगे।**

अतः जिन माननीय सदस्यों ने अभी तक नेवा में ई-मेल व मोबाईल नम्बर पंजीकृत नहीं करवाया है, वे कृपया सुरक्षा की दृष्टि से तथा मोबाईल नम्बर सुनिश्चितता हेतु इस सचिवालय के कम्प्यूटर कक्ष (कक्ष संख्या 315) में व्यक्तिशः उपस्थित होकर पंजीकरण करवाये जाने का श्रम करें।

यदि किसी माननीय सदस्य को उपरोक्त ऑनलाईन व्यवस्था में तकनीकी समस्या आ रही हो तो वे कृपया निदेशक (आईटी), एनआईसी 0141-2744335 तथा प्रक्रियागत समस्या के लिए उप सचिव, प्रश्न (0141-2744330) व विधान सभा भवन के सुशासन द्वार (पश्चिम द्वार) कक्ष संख्या 733 में संचालित नेवा (NeVA) सेवा केन्द्र में सम्पर्क कर सकते है।

**भारत भूषण शर्मा**
**प्रमुख सचिव**